UNIVERSITY NEWS 09 MARCH 2026

NBT

LU: हर साल जमा करनी होगी पीएचडी की फीस

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

■ शोध समिति की ओर से लिया गया निर्णय, जो नहीं जमा करेंगे फीस उनका शोध कार्य अवरुद्ध माना जाएगा

लखनऊ विश्वविद्यालय में अब रिसर्च स्कॉलरों को हर साल नियमित फीस जमा करनी होगी। दो से तीन साल की फीस एक साथ जमा करने की व्यवस्था एलयू में खत्म कर दी गई है। हाल में लखनऊ विश्वविद्यालय में शोध समिति की बैठक हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया है। विवि में काफी संख्या में रिसर्च स्कॉलर हैं जो नियमित फीस जमा नहीं कर रहे हैं। बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि सभी स्कॉलरों को हर साल नियमित फीस जमा करनी होगी और उनके शोध प्रस्ताव में फीस रसीद को भी लगाया जाएगा।

विवि में नियमित के साथ-साथ पार्ट टाइम पीएचडी कराई जाती है। इसमें पार्ट टाइम पीएचडी में काफी छात्रों को गाइडलाइन स्पष्ट न होने के कारण शोधार्थी हर साल फीस जमा नहीं कर रहे थे। हर विभाग में ऐसे शोधार्थी हैं जिनकी फीस नियमित जमा नहीं हो रही है। अब तक दो से तीन साल बाद भी शोधार्थी एक साथ फीस जमा कर शोध प्रस्ताव जमा कर देते हैं। बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि सभी विभागों में जेआरएफ व एसआरएफ में पंजीकृत शोधार्थी हर साल शुल्क जमा करें। कोई भी नियमित शुल्क नहीं जमा करता है तो उसका शोधकार्य अवरुद्ध माना जाएगा। हर साल रिसर्च स्कॉलरों की प्रगति रिपोर्ट भी जमा की जाती है। इस रिपोर्ट में भी अब फीस रसीद लगाई जाएगी। इसके अलावा ऐसे अभ्यर्थी जिनकी दो या तीन साल की फीस जमा करने के प्रस्ताव विवि को दिए गए हैं उन्हें विभागाध्यक्षों को वापस करने का निर्णय लिया गया है। इसमें सभी विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि वह नियमानुसार इस पर कार्रवाई करें। साथ ही विभागाध्यक्षों को यह भी निर्देश दिया गया है कि भविष्य में शोध प्रस्ताव भेजने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि नियमित रूप से हर साल शुल्क जमा हुआ है या नहीं।

AMRIT VICHAR

लविवि मे योग सप्ताह के अवसर पर उपस्थित योग विशेषज्ञ।

ध्यान से होता है मानसिक विकास

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के योग व फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन विभाग मे योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया है। इंडियन योग फेडरेशन व यूपी नेचरोपैथी एंड योग टीचर्स एंड फिजिशियन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान मे 14 मार्च तक आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के योग सभागार मे मणि प्रसाद मिश्र द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। अध्यक्षता एस.वी.एस. विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर आरके सिंह द्वारा की गई। मुख्यअतिथि मणि प्रसाद मिश्र, राजीव शर्मा व किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रोफेसर आरएएस कुशवाहा ने इस अवसर पर अपने विचार रखे।

DAINIK JAGRAN

आवेदन 10 तक जमा होंगे

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में वर्ष 2025-26 में स्नातक सम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले जिन छात्र-छात्राओं ने छात्रवृत्ति के लिए शुल्क प्रतिपूर्ति का आवेदन किया है, उन्हें आवेदन के साथ सभी अभिलेख पूर्व विवरण के साथ अधिष्ठाता छात्र कल्याण के कार्यालय में 10 मार्च तक जमा करना होगा। वि.

AMAR UJALA

सशक्तीकरण व स्वच्छंदता के बीच भेद को समझना होगा : प्रो. सुरचना त्रिवेदी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत व प्राकृत भाषा विभाग और ग्लोबल संस्कृत फोरम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय वैश्विक विदुषी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को कई महत्वपूर्ण व्याख्यान सत्र हुए। पहले और चौथे व्याख्यान सत्र का संचालन डॉ. सत्यकेतु और अनुपम सिंह ने किया। सत्र की अध्यक्षता आर्य कन्या पीजी कॉलेज, लखीमपुर खीरी की प्रो. सुरचना त्रिवेदी ने की, जबकि उपाध्यक्षता डॉ. दीप्ति विष्णु ने निभाई। प्रो. सुरचना त्रिवेदी ने स्त्री के सशक्तीकरण और स्वच्छंदता के बीच भेद को समझने पर जोर दिया। इस सत्र में नौ विदुषियों ने अपने विचार रखे। (माई सिटी रिपोर्टर)